बिहार.

बिहार सरकार

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

भूपेन्द्र कुमार सिंह (सूचीबद्धता सं0–271220230620) को कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, छपरा के कार्यालय आदेश सं0–463, दि0–22.12.2025 के द्वारा किये गये डिबार के विरूद्ध दायर अपील अभ्यावेदन पर दिनांक–27.01.2026 को सुनवाई के संबंध में।

27.01.2026

आदेश

Bhupendra Kumar Singh, ग्राम–चतुरपुर, पो0–गोपालपुर, जिला–सारण (सूचीबद्धता सं0–271220230620) एवं कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, छपरा उपस्थित।

लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, छपरा अंतर्गत रामपुर ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना के संवेदक Bhupendra Kumar Singh (सूचीबद्धता सं0–271220230620) द्वारा बकाया विद्युत विपत्र का भुगतान नहीं किये जाने के कारण कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, छपरा के कार्यालय आदेश संख्या–463, दि0–22.12.2025 द्वारा एकरारनामा संख्या-SBD-05/2018-19 में डिबार किया गया।

संवेदक द्वारा बकाया बिद्युत विपत्र की राशि जमा करने के पश्चात क्षेत्रीय मुख्य अभियंता मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र मुजफ्फरपुर के पत्रांक–1448 दि0–31.12.25 द्वारा संवेदक को लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, छपरा अंतर्गत उक्त एकरारनामा में डिबार मुक्त करने हेतु अनुशंसा किया गया।

क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र मुजफ्फरपुर से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में दिनांक–27.01.2026 को अद्योहस्ताक्षरी द्वारा इस मामले की सुनवाई की गयी, जिसमें संवेदक तथा कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, छपरा के द्वारा भाग लिया गया।

सुनवाई के क्रम में संवेदक द्वारा उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा गया एवं कार्यपालक अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि संवेदक के द्वारा वर्णित एकरारनामा के तहत आवंटित कार्य से संबंधित योजनाओं का बकाया बिद्युत विपत्र का भुगतान नही करने के कारण संवेदक को डिबार किया गया था। तत्पश्चात्, कार्यपालक अभियंता द्वारा यह बताया गया कि उक्त एकरारनामा के T.S में विद्युत मद के लिए प्रावधानित राशि रू0 18.76 लाख का भुगतान संवेदक द्वारा दि0–16.01.2026 तक विद्युत आपूर्ति प्रमंडल को कर दिया गया है साथ ही इस संबंध में कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया कि उक्त एकरारनामा के तहत विद्युत विपत्र के सुधारोपरांत (Reconciliation) अवशेष राशि की देयता की स्थिति में अतिरिक्त भुगतेय राशि का भुगतान संवेदक के माध्यम से कराना सुनिश्चित करेंगें।

अतः क्षेत्रीय पदाधिकारी के प्रतिवेदन एवं मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र मुजफ्फरपुर से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में सम्यक समीक्षोपरांत कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, छपरा के द्वारा संवेदक Bhupendra Kumar Singh (सूचीबद्धता सं0–271220230620) को अगली निविदा में भाग लेने से डिबार करने संबंधी आदेश को एतद् द्वारा तत्काल प्रभाव से विलोपित किया जाता है।

ह0/–
(पंकज कुमार पाल)
सचिव

ज्ञापांक–12 / वि0–183 / 2025– 163 पटना, दिनांक– 30.01.26

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव/अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बिहार, पटना/बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना/बुडको, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

अभय 29.01.26

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12 / वि0–183 / 2025– 163 पटना, दिनांक– 30.01.26

प्रतिलिपि–अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय)/सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता/आई0 टी0 मैनेंजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आई0 टी0 मैनेंजर को निदेश है कि इसे विभागीय वेवसाईट पर अपलोड किया जाय।

अभय 29.01.26

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

Speed Post/
Email

ज्ञापांक–12 / वि0–183 / 2025– 163 पटना, दिनांक– 30.01.26

प्रतिलिपि–कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, छपरा/संवेदक, Bhupendra Kumar Singh, ग्राम–चतुरपुर, पो0–गोपालपुर, जिला–सारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभय 29.01.26

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12 / वि0–183 / 2025– 163 पटना, दिनांक– 30.01.26

प्रतिलिपि–सचिव के प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

अभय 29.01.26

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)